## सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

**कोटा,** (निसं)। सुभाष शाखा का संस्कृति समापन समारोह पुरुषार्थ भवन में सपन्न हुआ। समारोह भारतमाता के माल्यर्पण एवं दीपप्रज्वलन के साथ वंदेमातरम गीत के साथ प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम में सचिव डॉ तेजेश गोयल द्वारा संस्कृति सप्ताह में किये गए कार्यक्रमों की रिपार्ट सदन के सामने रखी। समारोह में रंगारंग कार्यक्रमों के बीच, राष्ट्रीय प्रकल्प प्रभारी प्रधुम्न कुमार जैन, एवं प्रांतीय अध्यक्ष किशन पाठक ने उधबोधन दिया एवं नए सदस्यों को शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट रहे प्रतिभागियों को पारितोषिक दिया गया। कार्यक्रम में शाखा मातृशक्ति एवम शाखा के बच्चो द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

## छात्राओं का सम्मान किया

**कोटा,** (निसं)। जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में राजस्थान राज्य भारत स्काउट एंड गाइड के तत्वावधान में वरिष्ठ रेंजर तथा छात्रा संघ अध्यक्ष अंजलि मीणा को राज्य पुरस्कार एवं काजल राजोरा, अंजलि कुमावत, समन खान, दिप्ती राठौड़, शिल्पा भाटिया, खुशी वर्मा, लक्ष्मी गोचर, पुर्णिमा महावर, कृतिका नायक को निपुण प्रमाण पत्र से सम्मानित किया।

## शिविर निरस्त हुआ

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत वार्ड नं. 67 के नागरिकों के लिए 19 व 20 सितम्बर को स्माइल चौक नयापुरा में आयोजित होने वाला कैम्प अपरिहार्य कारणों से 20 सितम्बर को भी निरस्त कर दिया गया है।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम MANJIT SINGH KOHLI से बदलकर नया नाम MANJEET SINGH KOHLI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
**पता-मन्जीत सिंह कोहली पुत्र जसवन्त सिंह बीर कोहली मकान नम्बर 7 इश्वर लेन विस्तार आकाशवाणी कालोनी कोटा**

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम सुशील कुमार से बदलकर नया नाम सुशील कुमार बुलचन्दानी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
**पता-सुशील कुमार बुलचन्दानी पुत्र खुबचन्द बुलचन्दानी 16-बी श्रीनाथपुरम कोटा**

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम राकेश कुमार जैन से बदलकर नया नाम राकेश जैन रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
**पता-राकेश जैन पुत्र लाभचन्द जैन 1339-ए आर.के. पुरम कोटा**

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम मनोज पतीरा से बदलकर नया नाम मनोज कुमार पतीरा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
**पता-मनोज कुमार पतीरा पुत्र नवनीत भाई पतीरा फ्लेट नंबर 501 5th फ्लोर पुखराज औरा बजरंग नगर मेन रोड कोटा**

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम नितीन कुमार मेवाड़ा से बदलकर नया नाम नितीन मेवाड़ा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
**पता-नितीन मेवाड़ा पुत्र जगमोहन मेवाड़ा 621 महावीर नगर-1 कोटा**

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम MOHAMMED ATIK ANSARI से बदलकर नया नाम MOHD ATIQUE ANSARI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
**पता-MOHD ATIQUE ANSARI S/o मोहम्मद रफीक मकान नम्बर-4 गली नम्बर-9 सरस्वती कालोनी बारां रोड कोटा**


# लंपी बीमारी से गाय माता की रक्षा के लिये सदैव तैयार : संदीप शर्मा

■ विधायक संदीप शर्मा ने विधायक कोष से 10 लाख रुपये पशुपालन विभाग को दिये

**कोटा,** (निसं)। कोटा बूंदी बारा और झालावाड़ में हजारों की संख्या में गौवंश प्रभावित होकर इस बिमारी का सामना करना पड़ रहा है जिससें हजारों गौपालक, गौशाला संचालक लम्पी बिमारी चिंता का विषय बनी हुई है।

सरकार पशु चिकित्सालयों में पर्याप्त दवाईयां, टीके और संसाधन उपलब्ध नही है नाहि चिकित्सालय में इन्हें क्रय करना का कोई बजट उपलब्ध नही होने के कारण चिकित्सक भी इस बीमारी से ग्रस्ति गौवंश का इलाज करने में स्वयं को असहाय महसूस कर रहे है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस बीमारी की चिंता व्यक्त करतें हुए पशु चिकित्सालयों में दवाईयां, और चिकित्सकीय सामग्री व इस बीमारी की रोकथाम हेतु विधायक संदीप शर्मा को दूरभाष के माध्यम से विधायक कोष से राशि देने के कहा।

इसी के चलते विधायक कोटा दक्षिण संदीप शर्मा ने कोटा में लंपी स्किन बीमारी के उपचार, रोकथाम तथा निदान हेतु आवश्यक दवाइया एवं चिकित्सकीय साम्रगी उपलब्ध कराने हेतु विधायक कोष से 10 लाख रुपये पशुपालन विभाग को दियें जिससे चिकित्सकों लंपी बीमारी से ग्रसित गौवंश का इलाज करने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर विधायक संदीप शर्मा ने बताया कि गौवंश में लंपी बीमारी गंभीर मामला है जिससें कोटा सहित बूंदी, बांरा झालावाड़ में हजारों की संख्या में इससे गौवंश प्रभावित हो रहा है जो हाड़ौती संभाग के गौशाला संचालकों व गौपालकों के चिंता का विषय बना हुआ है। कोटा संभाग के चिकित्सालयों में इस बीमारी की रोकथाम के लिये पर्याप्त मात्रा में दवाईयां उपलब्ध नही है नाहि पर्याप्त मात्रा में टीके और नाहि इनकी पूर्ति करने के लिये कोई बजट भी उपलब्ध नही है। गौवंश इस बीमारी से लाचार और बेबस हो कर तड़प रहे है तथा चिकित्सक भी संसाधनों के अभाव में स्वयं को असहाय महसूस कर रहे है। इसी को देखतें हुए आज विधायक कोष से 10 लाख रूपय की राशि स्वीकृत करने के लिये जिला कलेक्टर को पत्र के भेजकर स्वीकृति देने का आग्रह किया। विधायक ने कहा कि काग्रेस सरकार इस बीमारी के लिये चिंतित नहीं है।

सरकार बेजुबान गौवंश को तड़प-तड़प कर मरने के लिये छोड़ दिया है। सरकार इस बीमारी की रोकथाम के लिये चिकित्सालयों में बजट उपलब्ध नही करवा पा रही है नाहि इस बीमारी की रोकथाम के लिये कोई विशेष प्रयास किये जा रहे है। भाजपा शासित राज्य उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश द्वारा इस बीमारी से प्रभावित गौवंश के उपचार के लिये दवाईयां और वैक्सिनेश प्रचुर मात्रा में करवा रही है परन्तु इनकी तुलना में राजस्थान बिल्कुल कम है। काग्रेस सरकार केवल झूठी वाह-वाहीयां लूट रही है पूर्व में भी कोराना के समय यदि सरकार समय रहते जाग जाती तो प्रदेश में मौतों का ताडंव नही होता है और लोग काल का ग्रास नही बनते और आज पुनः इस बीमारी का सामना करने के लिये सरकार संवेदनशीलता नही दिखा रही है जिसका परिणाम बहुत बुरा हो सकता है। विधायक ने गौवंश की रक्षा के लिये जो भी संभव प्रयास होगा उसके लिये सदैव अग्रणी रहेंगे।

## जागरुकता रैली निकाली

**कोटा,** (निसं)। जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सोमवार को जागरूकता रैली निकालकर 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नव मतदाताओं को ऑनलाइन रजिस्टर करने हेतु प्रेरित किया गया। महाविद्यालय स्तरीय स्वीप प्रभारी डॉ. जयश्री डावरे ने बताया कि जिला निर्वाचन विभाग के दिशा-निर्देश अनुसार आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ने के लिए भी प्रेरित किया गया। प्राचार्य संजय भार्गव ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जागरूक विद्यार्थी स्वस्थ समाज की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं। उनके द्वारा आमजन को दिया जाने वाला संदेश नव मतदाताओं में जागरूकता का कार्य करेगा। रैली में बड़ी संख्या में महाविद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने आमजन को मतदाता जागरूकता अभियान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्काउट-गाइड प्रभारी डॉ. मौसमी मीना एवं छात्रासंघ अध्यक्ष अंजली मीना भी मौजूद थी।

## सार-समाचार

### इमाम हुसैन की याद में ताजिये निकाले

**रामगंजमंडी,**(निसं)। शहर में सोमवार को इमाम हुसैन की शहादत की याद में मुस्लिम समाज के लोगों ने 40वें के ताजिये मातमी धुनों के साथ बड़ी श्रद्धा से जुलूस के रूप में निकाले। जिसमें अखाड़े के हुनरबाज अपनी कला का रोमांचक प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे। ताजियों को शहर के प्रमुख पन्नालाल चौराहा पर लाया गया तथा बाद नमाज जोहर 2 बजे ताजियों को उठाया गया।जिनमें चांदी का ताजिया आकर्षण का केंद्र रहा। दो वर्ष बाद निकले जुलूस में रामगंजमंडी, सुकेत, मोड़क व आसपास के क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोगों ने शिरकत की। ताजियों को जुलूस के रूप में बाज़ार नम्बर चार व एक होते हुए सीमेंट रोड़ से गरीब नवाज कॉलोनी तक ले जाया गया। देर शाम को ताजियों को ट्रकों से सुकेत आहू नदी में ठंडे किये किए गए। पुलिस ने भारी भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था के पर्याप्त एवं चाक चौबंद बन्दोबस्त थे। जिसमें आस पास के थानों के जाप्ते भी जगह-जगह तैनात किए गए।वहीं सीआई मनोज कुमार जुलूस में स्वयं उपस्थित रहे जो मुस्तैदी व अपनी पैनी नजर के साथ कानून व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे।इस दौरान जगह जगह ठंडे पानी व शर्बतों की छबीले लगाई गई व हलीम का वितरण किया गया।

### योजनाओं की समीक्षा की

**कोटा,** (निसं)। महिला अधिकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक सोमवार को आयोजित की गई, जिसमें विभागीय कार्यक्रमां की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत गठित जिला स्तरीय समिति ने बालिका जन्मोंत्सव, विद्यालयों में गुड टच, बेड टच प्रशिक्षण प्रभावी तरीके से मनाने पर जोर दिया। 10 वीं व 12 वीं में ब्लॉक स्तर पर टॉपर रही बालिकाओं को सम्मानित करने, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन व उडान योजना के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई। सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र पर प्राप्त प्रकरणों की स्थिति एवं प्रगति की समीक्षा की गई। जिला महिला समाधान समिति से जुड़े प्रकरणों पर चर्चा की गई। राजश्री योजनान्तर्गत बजट, लम्बित भुगतान आदि पर चर्चा की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, एसीईओं जिला परिषद सरिता, सहायक कलक्टर प्रशिक्षु सपना कुमारी, उप निदेशक महिला अधिकारिता मनोज कुमार मीणा चाईल्डलाइन के नोडल अधिकारी यज्ञदत्त हाड़ा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सेनेटरी नेपकिन वितरित किए

**कोटा,** (निसं)। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति सुगंधा शाखा द्वारा महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान आने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए सेनेटरी नैपकिन दिए गऐं। अध्यक्ष रेखा शारदा सचिव अंजना शारदा ने बताया रंगबाड़ी स्थित अंबेडकर कच्ची बस्ती में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा राजस्थान के डॉ आर बी गुप्ता गुप्ता एवं स्थानीय पार्षद भानुप्रताप सिंह के सानिध्य में महिलाओं एवं किशोर युवतियों को सेनेटरी नैपकिन वितरित किए। यह कार्य शाखा सदस्य कुसुम मूंदड़ा के सहयोग से संपन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष नीलम तापड़िया ने बताया कि महिलाओं में एवं किशोरियों में मासिक धर्म के समय साफ सफाई का अच्छे से ध्यान नहीं रखने की वजह से कई बीमारियां पैदा हो जाती है जिन से बचाव के लिए सुव्यवस्थित सेनेटरी नैपकिन लेने की बहुत जरूरत है जिससे कई प्रकार की बीमारियों से राहत मिल सकती है । कार्यक्रम में निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष नीलम तापड़िया उपस्थित थी कोषाध्यक्ष रेखा सोनी सहित रचना मंत्री रीमा लखोटिया रमा लखोटिया सविता सिंह सोनल मंत्री रानी न्याति ममता विजय आदि ने इस प्रोजेक्ट में सहयोग किया।

### भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ

**कोटा,** (निसं)। नाग नागिन मंदिर स्थित महर्षि दाधीच गार्डन में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ हुआ। कथा में प्रथम दिन कथावाचक पंडित शिव दाधीच ने कहा कि भागीरथी गंगा से ज्यादा श्रेष्ठ भागवत गंगा है जो सब जगह सुलभ होती है। ज्ञानी व्यक्ति हर जगह सम्मान पाता है। इस अवसर पर पंडित दाधीच ने कथा का महात्म्य सुनाया। कथा के पश्चात आयोजक प्रवीण पोकरा व शिल्पा ने आरती की। इस मौके पर सागर बना, अर्पणा भाटी समेत अन्य समाजसेवी मौजूद रहे।

### निधि अंकेक्षण विभाग की बैठक 30 को

**कोटा,** (निसं)। स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग की संभागीय प्रशासनिक समिति की बैठक 30 सितम्बर को संभागीय आयुक्त दीपक नंदी की अध्यक्षता में 30 सितम्बर को सांय 4 बजे सीएडी सभागार में आयोजित की जायेगी। अतिरिक्त निदेशक डॉ. विधि शर्मा ने बताया कि बैठक में विभागवार ऑडिट पैराओं के निस्तारण की समीक्षा की जायेगी। उन्होंने सभी संस्थाओं से अनुपालना रिपोर्ट बैठक से एक सप्ताह पूर्व भिजवाने के निर्देश दिये हैं।

## आज यहां बिजली बंद रहेगी

**कोटा,** (निसं)। विद्युत लाइनों के रखरखाव के कारण मंगलवार को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक दशहरा मैदान, साजीदेहड़ा, इनकम टैक्स ऑफिस, पुलिस कंट्रोल रूम, इकबाल हॉस्पिटल, यूआईटी, नगर निगम कार्यालय, अम्बेडकर भवन, दुर्गा बस्ती सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक कोटड़ी मैन रोड, करनी विकास समिति के आसपास सुबह 10.30 से दोपहर 2.30 बजे तक (दशहरा मेंटीनेंस वर्क) वर्धमान महावीर खुला विश्व विद्यालय, आरटीयू, तिलम संघ, वक्फ नगर, कोटा डाइट, हैंगिंग ब्रिज, संस्कृत कॉलेज, शक्ति नगर, फोरेस्ट कॉलोनी, किशोरपुरा चंबल गार्डन, नगर निगम कॉलोनी, ईदगाह, चम्बल गार्डन रोड, बजरंग बस्ती, शास्त्री नगर, दादाबाड़ी विस्तार योजना, गणेश तालाब, बसंत विहार, मोदी कॉलेज, उड़िया बस्ती, वर्धमान कॉलोनी, दादाबाड़ी सेक्टर 1, 2 व 3, हनुमान बस्ती, अग्रसेन कॉलोनी, नसियाजी मंदिर, शिवपुरा, वक्फ बोर्ड कॉलोनी, अधरशिला, हजीरा बस्ती, भीतरिया कुण्ड, आरएसी क्वाटर्स, गोदावरी धाम, श्याम नगर, पोल्ट्री एस्टेट, आरएसी क्वाटर्स सी ब्लॉक, अमर निवास कॉलोनी, वीएण्डवी ग्रुप, दशहरा मैदान, आरपीएस कॉलोनी, साबरमती कॉलोनी, साबरमती हरिजन बस्ती, राम तलाई, मोखापाड़ा, पलायथा हाउस, झाला हाउस, सूरजपोल, गुमानपुरा कैनाल रोड़, कोलीपाड़ा, जगत मंदिर, बड़ा गाड़ीखाना, बिरला मेडिकल की गली, झूलेलाल मंदिर, भूतेश्वर महादेव मंदिर,न्यू साबरमती बस्ती स्टील ब्रिज के आसपास, काका भतीजा मंदिर, तबेला हाउस, यू मार्केट, मीट मार्केट, गुजराती समाज के सामने, पुरानी सब्जीमंडी, मोहन टाकीज रोड़, ज्वाला तोप, अग्निशमन केंद्र के आसपास, गौतम वाटिका, पीएण्डटी कॉलोनी, सुबह 11 से शाम 4 बजे तक भदाना चौराहा के आसपास, बर्फ फैक्ट्री के आसपास, श्रद्धा विहार, लार्ड कृष्णा स्कूल, भदाना गांव, भदाना की टापरियां आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

## 19 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ

**कोटा,** (निसं)। सामाजिक सरोकार के रूप में लायंस क्लब कोटा टेक्नों की युवाओं की टीम ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

शिविर संयोजक व लायंस क्लब कोटा टेक्नो के कोषाध्यक्ष नरेश शर्मा ने बताया कि शिविर के दौरान 19 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस क्लब के रीजनल चेयरमैन भुवनेश गुप्ता थे। अध्यक्षता जयपुर फुट की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रजनी गुप्ता ने की। सम्बोधित करते हुए भुवनेश गुप्ता ने कहा कि छोटे-छोटे रक्तदान शिविर बहुत ही आवश्यक है।

ऐसे शिविर में नए युवाओं का इस क्षेत्र में जुड़ना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने वाला और प्राप्त करने वालों का रिश्ता एक नई सेवा को जन्म देता है, जो रक्त प्राप्त करता है वह भी रक्त के महत्व को तभी समझ पाता है जब उसे आवश्यकता होती है।

## पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ के आह्वान पर जयपुर विधुत वितरण श्रमिक संघ, कोटा वृत अध्यक्ष चेतन गौड़ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर, कोटा एवं अधीक्षण अभियंता, कोटा को ज्ञापन दिया गया। महामंत्री कपिल मालव ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 2004 के बाद के सभी राज्य कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम की घोषणा की गई परंतु विद्युत विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को इस सुविधा का लाभ नहीं दिया जा रहा है।

इस संबंध में निगम प्रशासन व राज्य सरकार को निरंतर पत्रों के माध्यम से संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा पुरानी पेंशन योजना लागू करने के लिए निरंतर आग्रह किया जा रहा है अतः जल्द ही विधुत निगमों में पुरानी पेंशन योजना लागू करने के आदेश प्रसारित किए जावें।

साथ ही बताया कि विद्युत निगमों में निरंतर अलग-अलग नामों से निजीकरण किया जा रहा है जो कि निगम हित में नहीं है तथा आम उपभोक्ताओं को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बिजली, चिकित्सा, शिक्षा, पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है परंतु सरकार निगमों को निजी हाथों में देकर आम जनता के साथ धोखा कर रही है सन 2000 में विद्युत निगमों के विघटन के बाद से ही निगमों का घाटा लगातार बढ़ता जा रहा है।

लेकिन निगम प्रशासन द्वारा निरंतर निजी हाथों में देकर निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। निगम को घाटे से बचाने और निगम के बेशकीमती संपत्तियों को सुरक्षित रखने के लिए निगम को तुरंत प्रभाव से निजीकरण पर रोक लगानी चाहिए। ज्ञापन के दौरान कार्यकारी अध्यक्ष भरतराम सैनी, हरीश सुमन, ओमप्रकाश महावर, अजय शर्मा, अर्जुन मालव आदि मौजूद रहे।

## 110 छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित

**बूंदी** (निसं)। जिले के 11 राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालयों में प्रत्येक विद्यालय में 10 जरूरतमंद छात्राओं को कुल 1 लाख 82 हजार की छात्रवृत्ति रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से उपलब्ध कराई है। रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष एवं कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने सोमवार को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी तेज कंवर को छात्रवृति की राशि का चैक भेंट किया।इस अवसर पर रेडक्रॉस सचिव अशोक विजय, वाइस चेयरमैन राजेंद्र रांवका, कोषाध्यक्ष धुव्र व्यास आदि मौजूद रही।

## ब्राह्मण समाज ने आरएएस लक्ष्मीकांत बालोद का पुतला जलाया

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान सरकार के मंत्री मुरारीलाल मीणा के विशेष सहायक राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी लक्ष्मीकांत बालोद की ओर से सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी के विरोध में अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा के नेतृत्व में सोमवार को संभागीय आयुक्त कोटा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया।

इसमें राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बालोद को तुरंत बर्खास्त कर आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि मंत्री मीणा के विशेष सहायक आरएएस अधिकारी लक्ष्मीकांत बालोद ने सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज के आराध्य देव महर्षि गौतम की पत्नी अहिल्या माता के लिए अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए टिप्पणी की है इससे ब्राह्मण समाज में रोष व्याप्त है ज्ञापन में मांग की गई है कि अधिकारी को तुरंत बर्खास्त कर उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाए। ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं ने अधिकारी का पुतला जलाकर आक्रोश जताया एवं संभागीय आयुक्त के सामने आक्रोश व्यक्त किया।

अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा ने समाज बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि माता अहिल्या के लिए अमर्यादित भाषा का प्रयोग पूरे ब्राह्मण समाज का अपमान है उन्होंने समाजबंधुओं को आह्वान किया कि अगर सरकार ने तुरंत प्रभाव से अधिकारी को बर्खास्त कर उसके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया तो राजस्थान विधानसभा के बाहर पूरे राजस्थान का ब्राह्मण समाज आमरण अनशन एवं अग्रिम कठोर कार्यवाही करेगा। समाजबंधुओं को सनाढ्य ब्राह्मण समाज के प्रदेश महामंत्री किशन पाठक, सर्व ब्राह्मण समाज के संभागीय अध्यक्ष राजेंद्र गौतम, ब्राह्मण कल्याण परिषद के संभागीय अध्यक्ष बृजराज गौतम, विप्र फाउंडेशन के विकास शर्मा, समता आंदोलन समिति के अध्यक्ष डॉक्टर अनिल शर्मा, गौतम समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुंज बिहारी गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष जगमोहन गौतम, जिलाध्यक्ष संजय गौतम, युवक संघ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट हर्षित गौतम, ब्राह्मण कल्याण परिषद के संयोजक अनिल तिवारी, सर्व ब्राह्मण समाज के संभागीय युवा अध्यक्ष ईश्वर शर्मा, गौतम समाज के राष्ट्रीय महासचिव महेश शर्मा एडवोकेट ने संबोधित किया।

# राज्यमंत्री चांदना ने छाबड़ियों का नयागांव में विकास कार्यों की नींव रखी

■ बड़ी संख्या में सड़क विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, जिनसे आमजन की सुविधाएं मिलेंगी

**बूंदी** (निसं)। युवा मामले, खेल तथा सूचना एवं जनसंपर्क राज्यमंत्री अशोक चांदना ने सोमवार को हिण्डोली-नैनवां क्षेत्र के छाबडियो का नयागांव में आयोजित कार्यक्रम में एक ही दिन में एक करोड रुपए लागत के विकास कार्यों की नींव रखी।

इस अवसर पर राज्यमंत्री चांदना ने आमजन को सम्बोधित करते हुए कहा कि इन पांच सालों में पिछले 25 साल के विकास की कमी को दूर किया जा रहा है। काश्तकारों को सुविधा देते हुए हिण्डोली में कृषि मण्डी का निर्माण करवाकर राहत दी है। डेढ सौ करोड़ के बिजली संबंधी कार्य करवाकर क्षेत्र के किसानों को सर्दी में सिंचाई के लिए दिन में बिजली की सुविधा मुहैया करवाई गई है। किसानों को दिन में सिंचाई के लिए डेढ सौ करोड के बिजली संबंधी कार्य करवाकर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुरूप क्षेत्र में आमजन को सुशासन दिया है।

उन्होंने कहा कि बिजली की पर्याप्त उपलब्धता होने से आज हिण्डोली-नैनवां क्षेत्र में धान की फसल किसान करने लगे है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जले हुए ट्रांसफार्मरों को 72 घंटे में बदलने की व्यवस्था देकर किसानों को राहत दी है। इसके अलावा बड़ी संख्या में सड़क विकास कार्य करवाए जा रहे है, जिनसे आमजन की सुविधाएं मिलेंगी।

उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी व्यापक विकास करवाए है। इसके लिए क्षेत्र में 5 कॉलेज के निर्माण करवाए जा रहे हैं। इससे गरीब व्यक्तियों के बच्चे भी उच्च शिक्षा हासिल कर तरक्की कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि पानी, बिजली, सिंचाई, कृषि, सड़क हर क्षेत्र में व्यापक विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

**पांच करोड़ की तीन सड़कों की घोषणा:-** राज्यमंत्री चांदना ने कार्यक्रम में 5 करोड लागत से छाबडियों का नयागांव से देवा का झौंपडा, कुम्हरला बालाजी से ब्राह्मणों का लुहारिया वाया रैगरों का बरडा तथा सरसोद से गुलाबपुरा तक सड़क निर्माण की घोषणा की।

राज्यमंत्री चांदना ने 5 लाख रूपए की लागत के सामुदायिक भवन सरसोद, 5 लाख रूपए के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय छाबडियो का नयागांव में बरामदा निर्माण, 5 लाख लागत के डेयरी भवन कुम्हरला, 20 लाख रूपए लागत की इंटरलोकिंग सडक 148 डी से हनुमानपुरा तक, 30 लाख रूपए लागत से इंटरलोकिंग सडक मेन रोड़ छाबडियों का नयागांव से देवा का झौंपडा तक, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सरसोद में 15 लाख रुपए लागत के उद्यान विकास कार्य, 15 लाख रूपए लागत के उद्यान निर्माण मय चारदीवारी कार्य कुम्हरला बालाजी तथा 5 लाख रूपए लागत के आंगनबाडी भवन पीपलवासा के कार्यों की आधार शिला रखी।

कार्यक्रम में जिला प्रमुख चन्द्रावती कंवर, पंचायत समिति सदस्य मुकेश बैरवा, छाबडियों का नयागांव सरपंच सीमा बैरवा, पूर्व सरपंच प्रभुलाल गुर्जर, पूर्व जिला परिषद सदस्य ईश्वर झंवर, दिनेश शर्मा, पूर्व जिला परिषद सदस्य लक्ष्मण बैरवा, शिव सिंह मीणा, रवि खटाणा, विकास अधिकारी एमएल मीणा, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।


**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक 2353 जाहिर आम सूचना दिनांक: 9.9.22

आवास संख्या 3-ल-41 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री नैमीचन्द पुत्र श्री भूरा को किया गया था। श्री नैमीचन्द पुत्र श्री भूरा द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये इकरारनामा, मुख्तारनामा आम एवं वसीयतनामा आलेखित कर दिनांक 20.08.1984 को श्री अब्दुल हक पुत्र श्री हाजी काले खाँ को किया गया। अन्तिम क्रेता श्री अब्दुल हक की मृत्यु दिनांक 22.02.2016 को हो जाने के पश्चात उनके पुत्र श्री अब्दुल रशीद पुत्र स्व. श्री अब्दुल हक द्वारा उक्त आवास के समस्त मूल प्रपत्र प्रस्तुत कर आवास का नियमितिकरण अपने स्वयं के नाम करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त आवास का नियमितिकरण श्री अब्दुल रशीद पुत्र स्व. श्री अब्दुल हक के नाम करने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि इस आवास का नियमितिकरण श्री अब्दुल रशीद पुत्र स्व. श्री अब्दुल हक के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का नियमितिकरण श्री अब्दुल रशीद पुत्र स्व. श्री अब्दुल हक के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा



AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना)**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 13(12) का सपठित नियमों के नियम (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणीयों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमित कर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

| ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता/ जमानतदार का नाम /ऋण खाता सं. | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ऋण खाता सं.: L9001060118441007 मैसर्स एनकेडी एन्टरप्राइजेज जरिये प्रोपराइटर जाकिर हुसैन, जाकिर हुसैन (सह-ऋणी व बंधककर्ता), श्रीमती शहजादी बेगम (सह-ऋणी व बंधककर्ता) | 24 जून 2021 ₹ 913220/- अक्षरे नौ लाख तेरह हजार दो सौ बीस मात्र दिनांक 23 जून 2021 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित मकान नं. 4, गली नं. 1, (खसरा नं. 31) प्रताप कॉलोनी रंगपुरा रोड, जिला कोटा राजस्थान क्षेत्रफल 88.88 वर्ग गज, पूर्व : रोड, पश्चिम : अन्य भूमि, उत्तर : प्लॉट नं. 5, दक्षिण : प्लॉट नं. 3 | 18 सितम्बर 2022 |
| ऋण खाता सं.: L9001060714705001 व L9001061121910315 विमल कुमार जैन (ऋणी), मंजू जैन (सह-ऋणी) | 13 जून 2022 ₹ 10408001/- अक्षरे एक करोड चार लाख आठ हजार एक मात्र व ₹ 1602905/- अक्षरे सोलह लाख दो हजार नौ सौ पॉच मात्र दिनांक 10 जून 2022 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित प्लॉट नं. 538, महावीर नगर 1, लाडपुरा, जिला कोटा, राजस्थान क्षेत्रफल 136.11 वर्ग गज, पूर्व : आम रास्ता, पश्चिम : अन्य प्लॉट, उत्तर : प्लॉट नं. 539, दक्षिण : प्लॉट नं. 537 | 19 सितम्बर 2022 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**स्थान: कोटा** **दिनांक: 19-सितम्बर-2022** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**



